K22U 1109

Reg. No. : ....

Name : ....

BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE
LIBRARY
ANGADIKADAVU

II Semester B.Com./B.B.A./ B.B.A. (TTM)/B.B.A.(RTM)/B.T.T.M./B.B.M. Degree (C.B.C.S.S. – Supplementary) Examination, April 2022 (2016 – 2018 Admissions) COMMON COURSE IN HINDI 2A08-1 HIN : Sampreshaneey Hindi

Time : 3 Hours

Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) शहरी जीवन की खूबियों और खामियों की विवेचना कीजिए ।

2) विज्ञापन के गुण और दोष पर अपना मत व्यक्त कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

3) मलयालम की प्रसिद्ध अभिनेत्री से एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिंदुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

एक लकड़हारा – तालाब के पास लकड़ी काटना – कुल्हाड़ी पानी में गिर ना – रोना – देवता का आना – सोना और चांदी की कुल्हाड़ी देना – लकड़हारे का ना कहना – तीनों कुल्हाड़ी देना

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : (3×3=9)

5) हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

We must take plenty of exercise. To make the body strong we must take it. The parts that are most used become the strongest, and those we use the least will be the weakest. The arms of blacksmith are very strong because he uses them so much. Ours are weaker than his because we use, so much less. The boy who works and plays in open air, grows strong and healthy, but the boy who sits indoors and does not take exercise grows up to be a weak and unhealthy man.

P.T.O.

6) **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

आधुनिक उद्योगों में माल को भंडार गृहों में जमा करने के महत्त्व पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दिया जाता । उत्पादन विभाग तो साज सज्जा से सुसज्जित होता है परंतु भंडारियों को छोटे अव्यवस्थित तथा अंधेरे क्वार्टरों में रहना पड़ता है और प्रायः कम वेतन पाते हैं । माल की हानि, गलत माल देना, अचानक ही माल खत्म हो जाना, गलत वाउचर बन जाना आदि ऐसी असुविधाओं का, जो माल के उत्पादन में विलंब करती हैं और कर्मचारियों के लिए सिरदर्द बनती है होना कोई आश्चर्यजनक नहीं है । भंडार के काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए ऐसे उपयुक्त व्यक्तियों को नियुक्त करना चाहिए जो योग्य और समर्थ हो जिनकी स्मरण शक्ति अच्छी हो और जो अच्छे समझदार हों ।

7) मान लीजिए आपका मित्र सिविल सर्विस की परीक्षा लिखने जा रहे हैं, उन्हें शुभकामनाएं देते हुए एक पत्र तैयार कीजिए ।

8) मान लीजिए आपका एक चेक कहीं खो गया है । चेक खो जाने की सूचना देते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक के नाम एक पत्र तैयार कीजिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3×3=9)

9) निम्नलिखित शब्दों को **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए ।

1) तदर्थ, नमूना, संपत्ति, दर
2) सलाहकार समिति, श्रमिक, दलाल, हड़ताल
3) मंत्रिमंडल, पट्टा, अनुमान, परिवहन
4) परिशिष्ट, अधिकता, मूल्य सूची, निरीक्षक
5) आचरण, लिपिक, त्याग पत्र, लाभदायक
6) नियंत्रण, विश्वविद्यालय, सचिवालय, आयात.

10) निम्नलिखित शब्दों को **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

1) broker, document, income tax, sample
2) abbreviation, currency, nomination, zero
3) commission, deduction, royalty, treasury
4) file, extra, organisation, strike
5) application, daily, journalism, wage
6) graduate, export, manuscript, traffic

11) बालों को काला और लंबा बनाने का तेल आप ने बनाया है । उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण कीजिए ।

मेरे विचार में औरत त्याग की, क्षमा की मूर्ति है । अपने को बिल्कुल मिटाकर वह पति की आत्मा का अंश बन जाती है । अपने को मिटाने का सामर्थ्य सिर्फ स्त्री में है पुरुष में नहीं । स्त्री पृथ्वी के समान है, शांति से संपन्न है, सहिष्णु है । पुरुष में नारी के गुण आ जाते तो वह महात्मा बन जाता । औरतों में पुरुषों से ज्यादा गुण है मगर हमेशा नारी पुरुष के अधीन है इसलिए वह अपनी इच्छा के अनुसार अपने लक्ष्य तक पहुंच नहीं सकती । जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता वास करते हैं । जहां पुरुष और स्त्री में एकता है वहां अमन है नारी पूजित है ।

V. कम से कम **4** वाक्य में किन्हीं **8** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(8×1=8)**

13) वचन की परिभाषा देकर उसके भेदों को समझाइए ।

14) वर्तमान काल के परिचय दीजिए ।

15) विशेषण के भेदों पर प्रकाश डालिए ।

16) करण कारक एवं अपादान कारक के अंतर को समझाइए ।

17) अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – नौ दो ग्यारह होना ।

18) तीन एकार्थक शब्द लिखिए – तालाब ।

19) अनेकार्थी शब्द लिखिए – कनक ।

20) शुद्ध कीजिए – मां ने रोटी बनाती है ।

21) शुद्ध कीजिए – तू खाना खाइए ।

22) शुद्ध कीजिए – अध्यापक ने कहानी सुनाया ।